Sign in to edit and save changes to this file.

75 आजादी की 75वीं सालगिरह पर देशवासियों को हार्दिक बधाई

लखनऊ संस्करण
वर्ष-05, अंक -288
रविवार, 15 अगस्त, 2021
पृष्ठ 20
मूल्य 3 रु*

देश का सबसे विश्वसनीय अखबार

# दैनिक भास्कर

For epaper → www.updainikbhaskar.com



# स्वतंत्र भारत के विकास में युवा पीढ़ी का योगदान विषय पर आंनलाइन व्याख्यान

**कानपुर।** सीएसए में गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस पर स्वतंत्र भारत के विकास में युवा पीढ़ी का योगदान विषय पर आज ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश डॉक्टर एच पी सिंह ने अपने व्याख्यान में बताया कि युवा शक्ति देश का वर्तमान व भविष्य दोनों हैं । जब भी देश पर आपदा आती है युवा पूरे जोश और उत्साह से देश की मदद करने को जुट जाते हैं।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्य सिर्फ सीमा पर दुश्मनों से युद्ध ही नहीं लड़ना बल्कि छोटे कार्य जैसे बीमार को अस्पताल पहुंचाना, कमजोर की मदद करना, पर्यावरण संरक्षण एवं समाज के लिए कार्य करना आदि। इस अवसर पर देश के स्वतंत्रता में योगदान के लिए सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि भी दी गई। इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि संकाय, अधिष्ठाता ग्रह विज्ञान, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, अधिष्ठाता कृषि अभियंत्रण ने भी संबोधन संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजीव सचान ने किया। इस अवसर पर डॉ.आर के पाठक, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. अर्चना सिंह सहित अन्य लोग व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# डा. रितु को सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक का अवार्ड

जागरण संवाददाता, कानपुर : शिक्षा, शोध, तकनीक, नवाचार, एडवाइजरी, नई प्रजाति के विकास समेत अन्य कार्यों के लिए स्वतंत्रता दिवस पर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए) के शिक्षकों, वैज्ञानिकों और स्टाफ को पुरस्कृत किया जाएगा।

सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक का पुरस्कार होम साइंस की डा. रितु पांडेय को मिलेगा। उन्होंने अलसी के तने से धागा निकालने की नई तकनीक विकसित की है। बेस्ट पेपर का अवार्ड निदेशक शोध डा. एचजी प्रकाश, डा. खलील खान, डा. आरपी व्यास, डा. ममता राठौर व मनोज मिश्रा को दिया जाएगा। नई प्रजाति विकसित करने के लिए डा. नलिनी तिवारी, डा. मनोज कटियार, डा. सोमवीर, डा. पीके गुप्ता का सम्मान होगा। डा. नलिनी तिवारी ने अलसी, डा. मनोज कटियार ने मूंग, डा. सोमवीर ने गेहूं और डा. पीके गुप्ता ने जौ की नई प्रजाति तैयार की हैं। सर्वश्रेष्ठ नवाचार के लिए डा. एसएन पांडेय, डा. मनोज कटियार, डा. एचजी प्रकाश को पुरस्कृत किया जाएगा।



डा. रितु पांडेय • स्वयं

• स्वतंत्रता दिवस पर आज शिक्षकों, वैज्ञानिकों और स्टाफ को मिलेगा पुरस्कार

इन्होंने मोबाइल एप तैयार कराया है, जिससे किसानों को फसलों व मौसम की जानकारी मिल रही है। यह नाम कुलपति डा. डीआर सिंह के नेतृत्व में बनी कमेटी के चयन के बाद फाइनल हुए हैं।

डा. डीआर सिंह ने बताया की आजादी का 75 वां वर्ष होने पर 41 को उपाधि और 34 को स्थायी नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर 75 का आंकड़ा पूरा होगा।

## इन्हें भी मिलेगा पुरस्कार

डा. एचजी प्रकाश को शिक्षा, शोध के लिए लीडरशिप अवार्ड मिलेगा, डा. आरए यादव व डा. एके सचान को लिए पौधारोपण अवार्ड मिलेगा। डा. संजीव सिंह को राष्ट्रस्तरीय क्विज प्रतियोगिता कराने के लिए, डा. सीपी सचान को सर्वाधिक राजस्व प्राप्ति के लिए सम्मानित किया जाएगा। डा. मिथिलेश वर्मा को बेस्ट वूमेन एक्सटेंशन वर्कर अवार्ड व डा. अशोक कुमार को बेस्ट एक्सटेंशन अवार्ड मिलेगा। डा. एके सिंह को बेस्ट एक्सटेंशन मैनेजमेंट अवार्ड, डा. खलील खान को प्रेस एंड मीडिया अवार्ड, डा. सीमा सोनकर को तकनीक विकास के लिए सम्मानित किया जाएगा। कर्मचारी मनेंद्र सिंह को परिसर को इको फ्रेंडली बनाने के लिए सम्मान मिलेगा।

Sign in to edit and save changes to this file.


75 आजादी की 75वीं सालगिरह पर देशवासियों को हार्दिक बधाई

लखनऊ संस्करण

वर्ष-05, अंक -288
रविवार, 15 अगस्त, 2021
पृष्ठ 20
मूल्य 3 रु*

# दैनिक भास्कर

देश का सबसे विश्वसनीय अखबार

For epaper → www.updainikbhaskar.com


## स्वतंत्रता दिवस विशेषांक

# दो दिवसीय भक्ति गीत एवं कविता प्रतियोगिता का हुआ समापन।

**कानपुर।** सीएसए की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा भारतीय स्वतंत्रता के 75वे वर्ष एवं आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष पर ऑनलाइन दो दिवसीय देश भक्ति गीत एवं कविता प्रतियोगिता तथा फिट इंडिया फ्रीडम रन अभियान वर्चुअल रन कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी इकाइयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर धर्मराज सिंह ने किया। उन्होंने देश का गौरव बढ़ाने वाले सपूतों को याद किया। तथा उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करने की सभी से अपील भी की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण कार्यक्रम समन्वयक डॉ अर्चना सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर संजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता ग्रह विज्ञान डॉ वेदरतन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ आर पी सिंह, डॉक्टर आरके पाठक, डॉक्टर कौशल कुमार, दिलीप वर्मा, राजीव सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

7:22 AM
6118170d73aef12.pdf



# आजादी की 75वें वर्ष पर मनाया गया अमृत महोत्सव

कानपुर, 14 अगस्त। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर की राष्टीय सेवा योजना द्वारा भारतीय स्वतंत्रता के 75 वे वर्ष एवं आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष पर ऑनलाइन दो दिवसीय देश भक्ति गीत एवं कविता प्रतियोगिता तथा फिट इंडिया फ्रीडम रन अभियान वर्चुअल रन कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में राष्टीय सेवा योजना के सभी इकाइयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर धर्मराज सिंह ने किया। उन्होंने देश का गौरव बढ़ाने वाले सपूतों को याद किया तथा उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करने की सभी से अपील भी की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण कार्यक्रम समन्वयक डॉ अर्चना सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि सिंह ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता ग्रह विज्ञान डॉ वेदरतन, डा.संजीव कुमार, डॉ आर पी सिंह, डॉ आरके पाठक, डॉ कौशल कुमार, दिलीप वर्मा, राजीव सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**■ चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मनाया जायेगा महोत्सव**

kanpur.amarujala.com
कानपुर • रविवार • 15.08.2021 08
अमर उजाला

# सीएसए में मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में देशभक्ति गीतों और कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अधिष्ठाता कृषि संकाय के डॉ. धर्मराज सिंह ने देश का गौरव बढ़ाने वाले सपूतों को याद किया और उनके दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करने की अपील की। वहीं गृह विज्ञान महाविद्यालय में 'स्वतंत्र भारत के विकास में युवा पीढ़ी का योगदान' विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के सदस्य डॉ. एचपी सिंह ने कहा कि युवा शक्ति देश का वर्तमान व भविष्य दोनों है। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि भी दी गई। इस दौरान डॉ. आरके पाठक, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. अर्चना, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. वेदरतन आदि मौजूद रहे। (संवाद)

**आज 32 कर्मचारियों को दिए जाएंगे नियुक्ति पत्रः** सीएसए मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि कुलपति डॉ. डीआर सिंह स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 32 संविदा कर्मचारियों को नियमित होने का नियुक्ति पत्र देंगे।

# सीएसए के 41 लोगों को मिलेगा स्वतंत्रता दिवस पर पुरस्कार

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, वैज्ञानिकों व स्टाफ को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक का पुरस्कार अलसी के तने से धागा निकालने की तकनीक विकसित करने वाली होम साइंस विभाग की डॉ. रितु पांडेय को मिलेगा। सर्वश्रेष्ठ नवाचार के लिए डॉ. एसएन पांडेय, डॉ. मनोज कटियार, डॉ. एचजी प्रकाश को पुरस्कृत किया जाएगा। बेस्ट पेपर का अवार्ड निदेशक शोध डॉ. एचजी प्रकाश, डॉ. खलील खान, डॉ. आरपी व्यास, डॉ. ममता राठौर व मनोज मिश्रा को मिलेगा। फसलों की नई प्रजाति विकसित करने के लिए डॉ. नलिनी तिवारी और डॉ. मनोज कटियार, डॉ. सोमवीर, डॉ. पीके गुप्ता का सम्मान होगा। कुल 41 को अवार्ड दिया जाएगा। (संवाद)